हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 अस्तित्व की खोज में आंसू बहाता शेरगढ़ किला



08 यात्रा गुरु रविदास के संदेश को जन-जन...



बारहसिंघा की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में एक सदी बाद वापसी के 10 वर्ष पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक सदी पूर्व तक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा वन्यजीव प्राकृतिक जैव विविधता का सुंदर प्रतीक हुआ करता था। लेकिन प्राकृतिक बदलावों के चलते रिजर्व क्षेत्र से इनका अस्तित्व समाप्त हुआ। लेकिन एक दशक पूर्व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने बारहसिंघा को पुनः यहां बसाने का प्रयास किया तथा 10 वर्षों में इनकी संख्या दोगुनी से अधिक हो चुकी है।

मामले में हरिभूमि प्रतिनिधि ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एमपीटीएफएस के माध्यम से वीडियोग्राफर फरहान खान ने बहुत सुंदर फिल्म बनाई है। यह फिल्म सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बारहसिंघों के पुनर्स्थापन की पूरी कहानी कहती है। जिसमें बताया गया है कि किस तरह से वर्ष 2015 में पहले चरण में कान्हा नेशनल पार्क से 16 बारहसिंघा लाए गए थे। तथा चरणशः प्रक्रिया में कान्हा से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में कुल 135 बारहसिंघे लाए गए और अब एक दशक कि बाद रिजर्व में इनकी संख्या 300 से अधिक हो चुकी है। आशीष खोबरागड़े ने बताया कि बारहसिंघा की प्राकृतिक गतिविधियों की निगरानी एक दशक से रिजर्व प्रबंधन के आदेशानुसार मैदानी अमला करता आ रहा है। 24 घंटे बारहसिंघा की निगरानी प्राकृतिक रूप से बनाए गए बाड़ों में की जाती है। निगरानी में इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि इस विशेष मेहमान वन्यजीव का शिकार कोई अन्य मांसाहारी वन्यजीव ना करे। साथ ही इनके खानपान के लिए भी प्राकृतिक रूप से बनाए गए तालाबों की भी निगरानी की जाती है कि पानी इनके पीने योग्य रहे। एक दशक की यह कहानी वनाधिकिरियों, वनकर्मियों, वैज्ञानिकों, संरक्षण वादियों तथा स्थानीय नागरिकों की कोशिशों की सफलता का फिल्मांकन है, जिन्होंने रिजर्व में बारहसिंघा के पुनर्वास को सफल बनाया।

एक दशक पूर्व लाए गए थे 135 बारहसिंघा, अब रिजर्व क्षेत्र में इनकी संख्या 300 से अधिक

सबसे मुश्किल दशक

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी बताते हैं कि एक दशक पहले बारहसिंघा को यहां बसाने का फैसला लिया गया था। और जब फैसले को परिणाम में बदला गया तो सर्वाधिक मेहनत, निगरानी तथा श्रम की कठिनाइयों वाला एक दशक शुरू हुआ। इस एक दशक में प्रतिदिन बारहसिंघों की निगरानी करना, उन्हें शिकारी जीवों से बचाना तथा उन्हें बाड़े में सुरक्षित रखना बहुत मुश्किलों भरा कार्य था। बारहसिंघा के बाड़े में घुसने के बाघ, तेंदुआ, जंगली कुत्ता तथा अजगर के प्रयास सफल ना हों इसके लिए बाड़े के बाहर सोलर लाइट के माध्यम से हल्के करंट की व्यवस्था की गई। परिणाम है आज बारहसिंघों की संख्या सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 300 से अधिक हो चुकी है।

बनाया बीज बैंक

फरहान खान की फिल्म में बताया गया है कि बारहसिंघा को अनुकूल भोजन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया तथा विशेष प्रयासकर बीज बैंक बनाया गया।



यहां बसाए बारहसिंघा

जानकारी अनुसार बारहसिंघा को सबसे पहले सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी क्षेत्र में लाया गया था। जहां इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी तो बाड़ का क्षेत्र विस्तारित करते हुए धांई तथा चूरना तक किया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से ग्रामों के विस्थापन से बची 10000 हेक्टेयर भूमि को बारहसिंघा के अनुकूल तैयार किया। बोरी क्षेत्र से मटकुली परिक्षेत्र के धारगांव में भी इन्हें विस्थापित किया गया। वर्तमान में बोरी, धांई, चूरना तथा धरगांव के क्षेत्र में 300 से अधिक बारहसिंघा एक दशक की मेहनत का सफल परिणाम बनाकर पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।



प्रयास सफल हुए हैं...

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा लाने का एक दशक पूर्ण हुआ है। प्रयास मैदानी रूप से बहुत सफल हुए हैं। धारगांव में इनई संख्या 80 से अधिक व धांई, बोरी तथा चूरना क्षेत्र में यह संख्या 200 से अधिक है।
आशीष खोबरागड़े, असिस्टेंट डायरेक्टर, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व।

विस्थापन का कारण

फरहान खान की डाक्यूमेंट्री के अनुसार कान्हा नेशनल पार्क में किसी समय 66 बारहसिंघा थे। जहां वर्तमान में उनकी संख्या 1000 से अधिक है। लेकिन एक क्षेत्र विशेष में इस जीव के होने से एक ही परिवार में प्रजनन से वन्यजीवों में कई रोगों की संभावना को देखते हुए इन्हें री-लोकेट करने का निश्चय लिया गया। री-लोकेशन के लिए सतपुड़ा नेशनल टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ विकल्प माना गया। जिसके चलते अब कान्हा के साथ-साथ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक पर्यावरण में बारहसिंघा कुलांचे भर रहे हैं एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति में एक क्षेत्र विशेष तक बारहसिंघा की संख्या सीमित नहीं होने के चलते इनकी आबादी लगातार बढ़ रही है।

खबर संक्षेप

मठ मंदिर समिति की बैठक 22 को

नर्मदापुरम। शहर में मठ मंदिर समिति की बैठक 22 को आयोजित की जाएगी। समिति के महामंत्री पं युवराज दत्त तिवारी ने बताया की 22 अगस्त को दोपहर 3 बजे से मठ मंदिर समिति की बैठक रखी गई है। जिसमें समिति के विभिन्न पदाधिकारीयों का चुनाव होगा। इस दौरान मंदिरों की समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक पं. गिरिजाशंकर शर्मा करेंगे ।बैठक स्थानीय श्री गोपाल मंदिर, झंडा चौक पर होगी। सभी मंदिरों से संबंधित अर्चक एवं पदाधिकारी गणों की उपस्थिति अनिवार्य है।

नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

नर्मदापुरम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितंबर 2026, शनिवार को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सम्पूर्ण भारत में आयोजित होगी।


आसामाजिक तत्वों के बढ़ने की संभावना, नागरिकों ने की समाधान की मांग

मालाखेड़ी में स्ट्रीट लाइट बंद होने से रहवासी परेशान, रात में लगता है डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों क्षेत्र के मालाखेड़ी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से नागरिकों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

मालाखेड़ी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की बदहाल व्यवस्था के कारण रात के समय स्थानीय रहवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें पिछले तीन महीनों से बंद पड़ी हैं। वर्तमान में केवल एक-दो लाइटें ही जल रही हैं, जिसके चलते रात होते ही क्षेत्र के कई हिस्सों में अंधेरा छा जाता है। मालाखेड़ी क्षेत्र से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण आवागमन में दिक्कत होती है। सड़क पर गड्ढे अथवा अन्य बाधाएं दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। वहीं अंधेरे के कारण दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है।



असामाजिक तत्वों का बना भय

क्षेत्र में अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिए जाने की आशंका से भी स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई है। स्थानीय निवासी सुयश मिश्रा ने बताया कि मालाखेड़ी क्षेत्र की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें पिछले तीन महीनों से खराब पड़ी हैं। केवल एक-दो लाइटें ही जल रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है।

नपा ने सुनी जनसमस्याएं

गुरुवार को नगरपालिका कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, वरिष्ठ उपयंत्री मुकेश जैन और उपयंत्री दीक्षा तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का समाधान किया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नपा में जनसुनवाई की जा रही है। सोनी ने बताया कि आज नागरिकों द्वारा अपनी समस्याएं बताई तथा उनका यथा संभव निराकरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से समग्र आइडी सुधारवाना, राशन कार्ड समर्पण के साथ ही स्वच्छता से संबंधित समस्याएं थीं। जिनका संतुष्टीपूर्ण समाधान किया गया।



नागरिकों का कहना जल्द हो समस्या का समाधान

मालाखेड़ी रोड पर सभी मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के निवास और बंगले बने हुए हैं साथ ही यहां पर अनेक रहवासी कालोनियां हैं ऐसे में अंधेरे का फायदा उठाकर आपराधिक घटनाएं होने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मालाखेड़ी क्षेत्र की सभी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।

परमश्री गार्डन के पास लुटेरों ने रास्ता रोक की लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के भोपाल रोड स्थित परमश्री गार्डन के पास विगत दिवस तीन चार लोगों ने दो युवकों का रास्ता रोककर हमला कर दिया। उनके साथ गाली गलौज कर लूटपाट की और पिस्टल के पिछले हिस्से से एक युवक के सिर पर वार कर दिया जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है और उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इसको लेकर मामला देहात थाने में दर्ज कराया गया है।



युवकों के परिजनों ने जल्द से जल्द बदमाशों को पकड़कर कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जाता है कि अरविंद यादव ग्वालटोली लखन किराना के पास रहते हैं। वह अपने दोस्त नितेश मीणा के साथ उज्जैन जा रहे थे। इस दौरान कुछ युवकों ने परमश्री गार्डन के पास उनका रास्ता रोका गाली गलौज की और नितेश मीणा के साथ मारपीट कर दी। किसी तरह अरविंद वहां से निकले और फिर नितेश को अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। बोलेरो गाड़ी पर सवार अरविंद और नितेश से मोबाइल और कुछ नगदी रुपए लेकर बदमाश फरार हो गये। परिजनों का आरोप है कि अब तक पुलिस ने अपराधियों को नहीं पकड़ा है। पीड़ित के परिजनों पुलिस से जल्द से जल्द बदमाशों को पड़कर कार्रवाई करने की मांग की है।

समान नागरिक संहिता विधेयक के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम। शहर क़ाज़ी अशफ़ाक़ अली के नेतृत्व में शहर के मुस्लिम समाज ने मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता विधेयक यूसीसी 2026 एवं संविधान के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट नितिन टाले को ज्ञापन सौंपकर इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। ज्ञापम में प्रमुख रूप नायब क़ाज़ी अब्दुल अलीम, मुफ़्ती खुर्शीद आलम, मुफ़्ती नूर मोहम्मद , अब्दुल्लाह कासमी, असलम भारती, सुमईया खान, जमीला खातून, फैजान उल हक़, रिजवान खान, गुलाम मुस्तफ़ा, जुनैद ताजी, आदि उपस्तिथ थे।

जिला अस्पताल में महिला आरक्षक से मारपीट, पति-पत्नी ने घेरकर पीटा, भीड़ में लाइन को लेकर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर एक महिला आरक्षक के साथ पति-पत्नी ने मारपीट कर दी। महिला आरक्षक को अस्पताल के अंदर ही घेरकर पीटा गया। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

पति-पत्नी ने विवाद के बाद हाथापाई की

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ थी। इसी दौरान आरोपी पति-पत्नी ने कोतवाली थाने में पदस्थ महिला आरक्षक से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ हाथापाई और मारपीट की। घटना में महिला आरक्षक घायल हो गईं। मारपीट के बाद महिला आरक्षक को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले



की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना की पूरी जानकारी सामने आ सके। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। कार्रवाई जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर की जाएगी। घटना के पीछे की वजह भी पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी।

श्रावण में मासपारायण समिति कर रही संगीतयी मानस पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मासपारायण समिति द्वारा सेठानीघाट के नर्मदा सत्संग भवन में विगत दिनों से श्रावण मास पर्यन्त श्रीरामचरितमानस के 30 मासपारायणों में से प्रतिदिन एक मासपारायण का पाठ निरंतर हो रहा है जो कि आगामी श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा। इस कार्यक्रम में पं राम परसाई एवं पं सुनील चौरे द्वारा श्रीरामचारतमानस की चौपाइयों एवं दोहों की संगीतमय रूप से प्रस्तुति दी जाती है और सभी श्रद्धालु सामुहिक सम्वेद स्वरों में पाठ करते हैं। इस आयोजन का यह 18 वां वर्ष है। आयोजन में श्रावण शुक्ल सप्तमी को श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ वैभव शर्मा ने कहा कि सही गुरु सर्वत्र व्यापी ब्रह्म का बोध कराते हैं। हिंदू धर्म में सर्वाधिक सुलभ और सहज ग्रंथ जो बच्चों को भगवान से जोड़ता है ऐसे हनुमान चालीसा से लेकर गांव गांव गली गली में रामायण पाठ होने वाले श्री रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास जी ने एक बहुत ही कठिन काल में धार्मिक ग्रंथो की रचना की, जो सहज सरल सुगम हिंदी व अवधी भाषा में थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानीशंकर शर्मा, पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा, अरुण शर्मा, योगेश्वर तिवारी, एनपी शर्मा, एचके यादव आदि मौजूद रहे।

संत शिरोमणि रविदास जयंती पर कलश वंदन व समरसता संकल्प अभियान हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर गुरुवार को नर्मदापुरम के चक्कर रोड चौराहे स्थित संत श्री रविदास महाराज मंदिर परिसर में जिला स्तरीय कलश वंदन एवं समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास जी की जन्मस्थली काशी से प्राप्त पावन कलश का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पावन कलश एवं कलश रथ को जिला मुख्यालय से स्थानीय रविदास मंदिरों एवं ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए रवाना किया गया।



यह कलश रथ 20 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक जिले के निर्धारित मार्गों पर भ्रमण करेगा। कलश रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य संत शिरोमणि रविदास महाराज के जीवन दर्शन तथा उनके समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के माध्यम से समाज में समरसता, भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया जाएगा। मंगलवार को रविंद्र भवन में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ हुआ।

स्प्रिंगडेल्स की छात्रा खुशी ने जीता बेस्ट डेलीगेट अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी सिंह ने लक्ष्यार्थ में शानदार प्रदर्शन करते हुए समिति में 'बेस्ट डेलीगेट' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। लक्ष्यार्थ के दौरान खुशी ने अपनी प्रभावशाली वक्तव्य क्षमता, विषय की गहरी समझ, आत्मविश्वास, तार्किक प्रस्तुतीकरण एवं कूटनीतिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके प्रभावी प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें समिति के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि के रूप में सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया निरोलिया ने विजेता प्रतिभागियों को भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय कार्यप्रणाली को निकट से समझने के उद्देश्य से भारतीय संसद भवन, नई दिल्ली के शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किए जाने की घोषणा की थी।

यात्रा के प्रमुख पीयूष शर्मा ने की प्रेसवार्ता

पर्यावरण के अनुरूप होगी नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा, एक पौधा लेकर चलेंगे कांवड़ यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सावन का महीना भगवान भोले को समर्पित है। भगवान भोले की आराधना के साथ पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा का आयोजन 22 अगस्त को किया जा रहा है। इसको लेकर नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा के प्रमुख पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव नीतू यादव सहित अन्य सदस्यों ने पत्रकारों को जानकारी दी। पीयूष शर्मा ने बताया कि नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा पर्यावरण, सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विवेकानंद घाट से सेठानी घाट काले महादेव तक यात्रा निकलेगी।



इस यात्रा में दादा गुरु सहित सभी धर्मगुरु, सामाजिक संगठन के लोग, जनप्रतिनिधि और विशिष्ट जन शामिल होंगे। यह यात्रा का पहला वर्ष और इसमें हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। धूमधाम से कावड़ यात्रा नेहरू पार्क, सतरस्ते, अमर चौक होते हुए सेठानी घाट पहुंचेगी। काले महादेव पहुंचकर अभिषेक होगा। यहां पर सभी को पौधे वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही मल्टीपरपज स्कूल के पास नर्मदा किनारे पौधों का रोपण भी होगा। कांवड़ यात्री पौधे अपने घर भी ले जा सकते हैं। इसके लिए लगभग 2500 पौधे जिनमें फलदार और छायादार शामिल है लगाएं जाएंगे। इसके साथ उनका संरक्षण भी किया जाएगा। कांवड़ यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में लोग शामिल होंगे।

शहर के कुछ क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई रहेगी बाधित, नपा टेंकर से उपलब्ध कराएगी पेयजल

नर्मदापुरम। नगर के मीनाक्षी चौक स्थित पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टेंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। पेयजल पाइप लाइन का सुधार कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उपयंत्री मुकेश जैन ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जैन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से सप्लाई की जाएगी। जिन नागरिकों के यहां पेयजल की समस्या आती है वे सीधे नगरपालिका कार्यालय में सूचना दें उन्हें निःशुल्क टेंकर उपलब्ध कराया जाएगा।

एमजीएम कॉलेज में छात्रों ने अधिकारों के लिए भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस पर एमजीएम कॉलेज में नर्मदापुरम यूथ कांग्रेस ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया। यूथ कांग्रेस महासचिव मोहम्मद कादिर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में युवाओं, छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। संबोधित करते हुए इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने युवाओं और छात्राओं से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने 22 अगस्त को पुणे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाले बड़े कार्यक्रम से जुड़ने और आधी आबादी की आवाज को मजबूती देने की अपील की। इस दौरान नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज राठौर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबू चौधरी और खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम शंकर सोनकर ने भी अपने विचार रखे।

खबर संक्षेप

चलती ट्रेन में महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

बैतूल। सिकंदराबाद से दानापुर जा रही ट्रेन में चार माह की गर्भवती महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। महिला की नाक से खून आने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। बैतूल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की मदद से महिला को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान रिंकी कुमारी (30) के रूप में हुई है। वह बिहार के बक्सर की रहने वाली थीं। वह पति हरेंद्र यादव के साथ सिकंदराबाद से दानापुर-बक्सर जा रही थीं। दोनों स्लीपर कोच में सफर कर रहे थे। पति हरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार काजीपेठ रेलवे जक्शन के पास रिंकी की तबीयत अचानक बिगडऩे लगी। उन्होंने ट्रेन में रेलवे कर्मचारियों से मदद मांगी। लेकिन किसी ने मदद नहीं की। हरेंद्र का आरोप है कि नागपुर स्टेशन पर उन्हें इलाज कराने के लिए कहा गया। लेकिन स्टेशन पर इलाज की कोई सुविधा नहीं थी। उन्हें थोड़ी बहुत दवाई देकर आगे जाने के लिए कह दिया गया। उन्होंने बताया कि जो दवा दी गई थी। वह भी खत्म हो गई थी। हालत बिगडऩे के बाद जीआरपी बैतूल रेलवे स्टेशन पर उतारा। फिर जिला लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला के शव का गुरुवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। इसके बाद पति शव लेकर बिहार के लिए रवाना हो गए। महिला की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आएगी।

राजीव गांधी की जयंती मनाई

भौंरा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती भौंरा में भी कांग्रेस संगठन द्वारा मनाई गईं। उपखण्ड ब्लाक कांग्रेस कमेटी भौंरा के अध्यक्ष रुपलाल यादव की उपस्थिति में राजीव गांधी की जयंती कांग्रेस कमेटी के स्थानीय कार्यालय में मनाई गईं, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ता धनराज मालवीय, ब्लाक कांग्रेस कमेटी शाहपुर के प्रभारी राकेश साहू, ब्लाक सेवा दल अध्यक्ष ओमप्रकाश कवडक़र, भौंरा मंडलम अध्यक्ष विवेक ठाकुर, जनपद सदस्य बंशीलाल, पूर्व उपसरपंच दौलत यादव, पंकज मालवीय, दीपक नेमा, फारुख खान, सतीश यादव, आशिक खान, ओमप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, नितेश यादव, संतोष मालवीय, सुरेश राव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

गाड़ियों में तोड़फोड़ और अड़ीबाजी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। खेड़ी सावलीगढ़ में गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ और 10 हजार रुपए की अड़ीबाजी के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार तीसरे आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पीयूष बचले (24), निवासी ग्रीन सिटी गंज, बैतूल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 8 जून की रात रोहित यादव अपने साथी मुकेश यादव के साथ ऑफिस के सामने कार में सो रहे थे। इसी दौरान प्रकाश सावनेरे, सागर बुझाडे और पीयूष बचले बोलेरो से पहुंचे। आरोप है कि प्रकाश और सागर ने तलवार से दो बोलेरो और फरियादी की कार का पिछला शीशा तोड़ दिया।

संरक्षण के अभाव में मिटते जा रहे ऐतिहासिक अवशेष, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की जरूरत

अस्तित्व की खोज में आंसू बहाता शेरगढ़ किला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम शेरगढ़ के समीप वर्धा नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक शेरगढ़ किला आज संरक्षण के अभाव में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है। कभी क्षेत्र के गौरव और इतिहास का साक्षी रहा यह किला अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। किले की दीवारें जगह-जगह ढह रही हैं और पूरे परिसर में झाड़ियों का कब्जा है। वहीं, किले में कथित रूप से छिपे खजाने या सोने की अफवाह के चलते असामाजिक तत्वों द्वारा की गई जगह-जगह खुदाई से इसकी नींव और संरचना को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। समय की मार ने भले ही इस ऐतिहासिक धरोहर की चमक फीकी कर दी हो, लेकिन किले का विशाल मुख्य द्वार आज भी इसकी भव्यता की कहानी कहता है। ऊंचे स्थान पर स्थित यह द्वार मानो आज भी अपने गौरवशाली अतीत की गवाही दे रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस क्षेत्र में किले के अवशेष और वर्धा नदी का मनोहारी दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करने की पर्याप्त क्षमता रखते हैं।

पत्थरों से बनी भव्य संरचना आज भी आकर्षण का केंद्र

शेरगढ़ किले का मुख्य द्वार और परकोटा बड़े-बड़े पत्थरों को तराशकर बनाया गया है। किले में घोड़ों के लिए बनाए गए अस्तबल में ईंटों का भी इस्तेमाल दिखाई देता है। समय के साथ किले का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है, लेकिन मुख्य द्वार, परकोटे के कुछ हिस्से और अस्तबल के कई कमरे अब भी अपेक्षाकृत सुरक्षित नजर आते हैं। किले के भीतर एक प्राचीन बावड़ी भी मौजूद है, जो आज भी दिखाई देती है। इसके अलावा किले से जुड़ी एक लंबी सुरंग का मुहाना भी नजर आता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सुरंग का उपयोग आपात स्थिति में किले से बाहर निकलने के लिए किया जाता रहा होगा। हालांकि सुरंग के वास्तविक उपयोग और निर्माण काल को लेकर ऐतिहासिक प्रमाणों की आवश्यकता है। किले की स्थापत्य कला भी अपने आप में आकर्षण का केंद्र है। एक ही पत्थर को काटकर मेहराबनुमा आकार में बनाए गए द्वार और चौखट तत्कालीन कारीगरी की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं। कई स्थानों पर दीवारें पूरी तरह ढह चुकी हैं और अब केवल पत्थरों की चौखटें ही दिखाई देती हैं, लेकिन इन अवशेषों में भी किले की प्राचीन भव्यता की झलक साफ दिखाई देती है।

आज भी पहेली बना हुआ है शेरगढ़ किले का इतिहास

शेरगढ़ किले का इतिहास आज भी रहस्य और शोध का विषय बना हुआ है। किले के निर्माण का वास्तविक उद्देश्य, निर्माण काल और तत्कालीन शासक से संबंधित प्रमाणिक जानकारी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं है। बरार क्षेत्र और मध्य प्रदेश के विभाजन के बाद इस क्षेत्र के इतिहास का एक बड़ा हिस्सा महाराष्ट्र से जुड़ गया, जिसके कारण स्थानीय ऐतिहासिक धरोहरों के व्यवस्थित दस्तावेजीकरण और शोध की कमी महसूस होती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार शेरगढ़ किला शेर खान नामक किसी सरदार से संबंधित रहा है, जो इस क्षेत्र में चौथ वसूली करता था। किले के नीचे शेर खान नामक सरदार की एक समाधि भी बताई जाती है। इसकी संरचना मुगलकालीन समाधियों से मिलती-जुलती दिखाई देती है। वर्तमान में यह स्थान धार्मिक आस्था का केंद्र भी है, जहां एक मंदिर में लोग पूजा-अर्चना कर मनोकामना मांगते हैं। हालांकि किले के निर्माण और शेर खान से इसके संबंध को लेकर स्थानीय मान्यताएं प्रचलित हैं, लेकिन इन दावों की पुष्टि के लिए विस्तृत पुरातात्विक और ऐतिहासिक शोध आवश्यक है।

ऐतिहासिक संदर्भ में मिलता है शेर शाह का उल्लेख

डॉ. कृष्ण लाल हंस द्वारा लिखित एक ऐतिहासिक विश्लेषण में भी शेरगढ़ क्षेत्र से जुड़े संदर्भ का उल्लेख मिलता है। पुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 12 पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्ष 1739 में मुलताई तहसील के समृद्ध गांवों से शेर शाह नामक सरदार कर वसूला करता था।





उल्लेख के अनुसार उसके पुत्र ने क्षेत्र में इतना आतंक फैला रखा था कि नागपुर के भोंसले शासकों को उसके दमन के लिए सेना भेजनी पड़ी थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान में वीरान पड़ा शेरगढ़ किला इसी ऐतिहासिक घटना अथवा शेर शाह से संबंधित था या नहीं। किले की वास्तविक पहचान और इतिहास को प्रमाणित करने के लिए पुरातत्वविदों, इतिहासकारों और शोधकर्ताओं द्वारा विस्तृत अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

संरक्षण नहीं हुआ तो मिट जाएगा इतिहास

शेरगढ़ किले की वर्तमान स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। दीवारों के ढहने, झाड़ियों के बढऩे और जगह-जगह की गई खुदाई के कारण किले के बचे हुए अवशेष भी धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। यदि समय रहते इसके संरक्षण की पहल नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक धरोहर को केवल तस्वीरों और किस्सों में ही देख पाएंगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि किले का सर्वेक्षण कर इसकी ऐतिहासिकता निर्धारित की जानी चाहिए। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, अवैध खुदाई पर रोक, क्षतिग्रस्त हिस्सों का संरक्षण और किले तक पहुंचने के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए।

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है शेरगढ़

मुलताई और आसपास का क्षेत्र प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मां ताप्ती की पवित्र नगरी होने के कारण वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुलताई पहुंचते हैं। ऐसे में शेरगढ़ किले को भी पर्यटन सर्किट से जोडक़र क्षेत्र में पर्यटन की नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं। किले के प्राचीन अवशेषों को संरक्षित करते हुए यहां व्यू-पॉइंट, पाथवे, प्रकाश व्यवस्था, सूचना बोर्ड और आवश्यक पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इससे ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण भी होगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

किले से दिखाई देगा वर्धा बांध का मनोहारी दृश्य

वर्धा नदी पर सिंचाई परियोजना के तहत बांध का निर्माण होने के बाद शेरगढ़ किले की पर्यटन संभावनाएं और बढ़ सकती हैं। किला ऊंचाई पर स्थित होने के कारण यहां से वर्धा बांध और आसपास की प्राकृतिक वादियों का मनोरम दृश्य दिखाई दे सकता है। यदि संबंधित विभाग किले के संरक्षण और विकास की दिशा में पहल करता है तो यह स्थान इतिहास, प्रकृति और पर्यटन का अनूठा संगम बन सकता है। सामान्यतः बांध और सिंचाई परियोजनाओं के आसपास पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाती हैं। ऐसे में शेरगढ़ किले को भी इस पर्यटन योजना से जोडक़र विकसित करने पर क्षेत्र को एक नया पर्यटन केंद्र मिल सकता है।

इतिहास बचाने के लिए पहल जरूरी

शेरगढ़ किला भले ही आज खंडहर में बदलता जा रहा हो, लेकिन इसके पत्थरों में मुलताई और आसपास के क्षेत्र के अतीत की कहानी छिपी हुई है। आवश्यकता इस बात की है कि इस धरोहर को केवल खंडहर समझकर छोडऩे के बजाय इसके इतिहास की वैज्ञानिक जांच कराई जाए और पुरातात्विक महत्व के अवशेषों को संरक्षित किया जाए। यदि प्रशासन, पुरातत्व विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधि मिलकर पहल करें तो शेरगढ़ को न केवल एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में बचाया जा सकता है, बल्कि इसे मुलताई के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी शामिल किया जा सकता है।

पहल किए जाने की आवश्यकता है

हां यह सही है कि शेरगढ़ किले की स्थिति समय के साथ खराब हो रही है। किले को विकसित कर सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में तैयार किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा पहल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संसाधन विभाग के पास किले के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए अलग से बजट उपलब्ध नहीं होता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिला कलेक्टर ने भी शेरगढ़ किले का दौरा किया था। किले के संरक्षण और विकास की दिशा में प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा पहल की जाती है।

शिवकुमार नागले, एसडीओ, जल संसाधन विभाग

नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/कोलगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांडवी में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान 2026 के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था से अर्चना दीदी एवं उषा दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

दीदियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी देश और समाज को कमजोर करना हो तो उसकी युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेल दो। इससे उस देश का वर्तमान और भविष्य दोनों बर्बाद हो जाता है। अर्चना दीदी ने आगे कहा कि विदेशी ताकतें देश में नशे के व्यापार को बढ़ावा देने का काम करती हैं, ताकि हमारी युवा पीढ़ी भटक जाए और देश कमजोर हो जाए। इसलिए हम सभी को जागरूक रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को इस उम्र में नशा जरूर होना चाहिए, परंतु वह नशा अध्ययन का हो, जिज्ञासा को शांत करने का हो और देश सेवा का हो। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में नशा मुक्त भारत-सशक्त भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

लोगों से बचाई ड्राइवर की जान

ससुंद्रा परिवहन चेक पॉइंट ने पेश की मानवता की मिसाल

बैतूल। अगर आज बैतूल-1 चेक पॉइंट ससुन्दरा का स्टाफ सही समय पर नहीं आता, तो शायद मेरी जान भी जा सकती थी। यह कहना है गुजरात के वडोदरा से आ रहे वाहन चालक विनोद का, जिसकी गाड़ी की दुर्घटना 19 अगस्त 2026 को राजमार्ग पर हो गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन चेक पॉइंट बैतूल-1 (ससुंद्रा) के पास दुर्घटना के तुरंत बाद दूसरी कार के सवार लोग आपा खो बैठे और चालक पर हमला करने लगे। कार सवारों द्वारा चालक को निशाना बनाते हुए उसका सामान और मोबाइल छीनने का प्रयास किया जा रहा था। चेक पॉइंट प्रभारी डॉ. अनामिका कोली की सतर्कता से स्टाफ ने मौके पर पहुँचकर तुरंत स्थिति पर नियंत्रण पाया और ट्रक ड्राइवर को हिंसा का शिकार होने से बचाया और उसका



मोबाइल भी सुरक्षित वापस बकरवाया। प्रभारी अधिकारी डॉ. अनामिका कोली ने कहा कि राजमार्ग पर यात्रा कर रहे किसी भी चालक या यात्री की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और चेक पॉइंट का अमला हर विपरीत परिस्थिति में सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। वाहन चालक विनोद का कहना है कि परिवहन चेक पॉइंट बैतूल-1 (ससुंद्रा) केवल वाहनों की जाँच और कर संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजमार्ग पर सुरक्षा का एक कवच भी बनते जा रहा है।

भैंसदेही में निकली कांवड़ यात्रा, सैकड़ों महिलाओं, युवाओं व बच्चियों ने लिया हिस्सा

पूर्णा माई के जल से हुआ बाबा सिद्धेश्वरनाथ का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही



श्रावण मास के पावन अवसर पर पूर्णा नगरी भैंसदेही में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सिद्धेश्वर भोला मंडल समिति के तत्वावधान में नगर में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवतियां, बच्चियां एवं श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां पूर्णा के पवित्र जल से नगर के प्राचीन बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कावड़ यात्रा का शुभारंभ नगर के मां पूर्णा काशी तालाब पोखरनी से हुआ। श्रद्धालु कावड़ में पूर्णा माई का जल लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान पूरे नगर में जगह-जगह भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। कावड़ यात्रा के नगर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों के आंगन एवं चौक-चौराहों को आकर्षक रंगोलियों से सजाया। कावड़ यात्रियों का जगह-जगह पुष्प एवं धार्मिक उत्साह के साथ स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने कावड़ यात्रा में शामिल महिलाओं और बच्चों को फल, जल एवं जलपान भी वितरित किया। यात्रा के दौरान डीजे की भक्तिमय धुनों पर महिलाओं और बच्चियों ने जमकर नृत्य किया। भगवा रंग और धार्मिक जयघोष के बीच पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में नजर आया।

बाबा सिद्धेश्वरनाथ का किया जलाभिषेक

कांवड़ यात्रा नगर के प्राचीन सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मां पूर्णा के पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और महाआरती आयोजित की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। सिद्धेश्वर भोला मंडल समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की मंगलकामना को लेकर इस विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ नगरवासियों को एकजुट करना और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करना रहा। कावड़ यात्रा में रेखा राठौर, संगीता राठौर, सीमा राठौर, ज्योति राठौर, पूजा पाल, सरिता राठौर, मुन्नी बाई, रेखा भाकरे, ममता शिंदे, निर्मला वादुकले, रोशनी, शारदा, प्रिया नन्हे, संगीता एसकर, कीर्ति शिंदे, सरला पारीसे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल रहे।



स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई

शाहपुर। शाहपुर में कांग्रेसियों एवं प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष पहलवान सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शाहपुर में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पहलवान ठाकुर , नगर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू उपेंद्र वर्मा, श्रीमती सरोज परते, कन्तु साहू, कापसे सर, पवार, अम्बिका मिश्रा,पप्पू गुप्ता, हरि जोठे, आशीष परसाई, आशीष मालवीय,रामदीन हनोते,संतोष हनौते, शांतनु तिवारी, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र शुक्ला, पिंटा वर्मा, अभय सालोंमन, राजमल चौरे, संतोष चौरे, रामकिशोर हनौते बडी संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचीं छात्राएं

छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने और गुरु-शिष्या के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने का एक सनसनीखेज एवं गंभीर मामला बैतूल जिले के सारनी से सामने आया है। एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारनी में पदस्थ शिक्षक सुनील चौधरी पर कक्षा 8वीं की एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ बुरी नीयत से शारीरिक छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का संगीन आरोप लगा है। घटना से आक्रोशित सैकड़ों छात्राएं, परिजनों, छात्र संगठनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पैदल मार्च करते हुए सीधे सारनी थाने पहुंचीं और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को अपनी दर्द भरी दास्तान सुनाते हुए



बताया कि शिक्षक सुनील चौधरी पिछले कई दिनों से मुझे एवं मेरी अन्य साथी छात्राओं को बुरी नीयत से छूता है। वह लैब में बुलाकर अश्लील हरकतें करता है, हमें गले लगाता है, और कमर के नीचे, छाती, गाल तथा गर्दन के पास हाथ लगाता है।

पीड़ित छात्राओं के आरोप: पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब छात्राओं ने इसका विरोध किया, तो शिक्षक सुनील चौधरी ने उन्हें डराते हुए धमकी दी अगर यह बात किसी को बताई तो तुम्हें परीक्षा में फेल कर दूंगा। इसी डर के कारण छात्राएं काफी समय तक चुप रहीं। लेकिन 15 अगस्त 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे, जब छात्रा सीढ़ी से ऊपर अपनी क्लास में जा रही थी, तब आरोपी शिक्षक ने फिर से उसकी कमर पर गलत नीयत से टच किया और बोला कि अभी क्लास में जाओ, बाद में मेरे साथ लैब में चलना।

घटना के बाद हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने स्कूल की प्राचार्या अंकिता भालेकर को पूरी आपबीती बताई। लेकिन आरोप है कि स्कूल प्रबंधन और प्राचार्या द्वारा इस अति-संवेदनशील मामले में त्वरित व ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। प्रबंधन की इसी ढिलाई और कथित लीपापोती से क्षुब्ध होकर 19 अगस्त को परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद 20 अगस्त को भारी जन आक्रोश के बीच मामला पुलिस थाने पहुंचा।

पुलिस की एफ आई आर और धाराओं का शिकंजा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना सारनी में आरोपी शिक्षक सुनील चौधरी के खिलाफ सख्त धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस 2023) धारा 74 महिला की लज्जा भंग करने के उद्देश्य से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग , पोक्सो एक्ट 2012 धारा 7, 8, 9 एवं 10 नाबालिग के साथ यौन उत्पीडऩ एवं गंभीर यौन हमला। छात्राओं व अभिभावकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आरोपी शिक्षक की तुरंत गिरफ्तारी नहीं हुई और विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा (सी सी टी वी व मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड) के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कार्रवाई की जा रही है

छात्राओं की लिखित शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। विवेचना जारी है और निष्पक्ष वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

- **जयपाल इनवाती** थाना प्रभारी सारणी

एसडीएम ने किया हमलापुर स्कूल का औचक निरीक्षण, बच्चों से किया संवाद



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवने के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी बैतूल डॉ अभिजीत सिंह द्वारा शासकीय हाईस्कूल हमलापुर, जिला बैतूल का औचक निरीक्षण गुरुवार की दोपहर में किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विशेष रूप से विद्यालय में उपलब्ध पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयों का निरीक्षण कर उनकी स्वच्छता, उपलब्धता एवं रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया। डॉ अभिजीत सिंह द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी भी ली गई तथा विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन करावाया गया। साथ ही उन्हें व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं नैतिक मूल्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए नियमित अध्ययन एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया गया। उनके द्वारा विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल

प्र.क. 664/अपील/वर्ष 2025-26 मौजा-करपा
रामराव पिता स्व. गंगाराम वगै. निवासी- बोरगांव (जीन) तह.व जिला बैतूल .....अपीलार्थी

// सूचना पत्र //

गुन्ता पति भीमराव व अन्य निवासी- बोरगांव (जीन) तह.व जिला बैतूल

प्रति,

1- प्रयाग पिता संभा निवासी बोरगांव (जीन) तह.व जिला बैतूल 2- कुमकुम पिता राजेश निवासी टिगरिया तह.व जिला बैतूल 3-संतोष पिता विट्ठल निवासी दनोरा तह.व जिला बैतूल 4-विनोद पिता विट्ठल निवासी दनोरा तह.व जिला बैतूल 5-गुलाबराव पिता विट्ठल निवासी दनोरा तह.व जिला बैतूल 6-शंकर पिता विट्ठल निवासी दनोरा तह. व जिला बैतूल 7-कमला पिता विट्ठल निवासी टाहली तह.व जिला बैतूल 8-उर्मिला पिता विट्ठल निवासी कुम्हली तह.व जिला बैतूल ..... गैर अपीलार्थीगण

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्र.- 0664/अपील/2025-26 मौजा करपा में अपीलार्थीगण रामराव पिता स्व. गंगाराम वगै. निवासी बोरगांव तह.व जिला बैतूल द्वारा प्रस्तुत अपील के निराकरण हेतु आप उपरोक्त गैर अपीलार्थीगण को समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में विचाराधीन उक्त अपील प्रकरण में सुनवाई एवं आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 09/09/2026 को नियत है। अतः आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09/09/2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से शासकीय अवकाश होने अथवा अन्य कारण से सुनवाई स्थगित होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्यदिवस पर सुनवाई में लिया जावेगा। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर उक्त अपील प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। दिनांक 13/08/2026

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बैतूल

खबर संक्षेप

समाजसेवी शारदा भार्गव का निधन



पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के वी वी गिरी वार्ड निवासी स्वर्गीय कमला प्रसाद भार्गव की धर्म पत्नी एवं साहित्यकार ओमप्रकाश भार्गव , गोविन्द भार्गव बब्लू की माता शारदा बाई भार्गव का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 21 अगस्त को उनके निवास स्थान से सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर इतवारा बजार के श्मशान घाट तक निकाली जाएगी।

पचमढ़ी में मिला गुमशुदा युवक का शव

पचमढ़ी। अंबा माई के पास बीएसएनएल टावर क्षेत्र में एक व्यक्ति अमृत अवस्था में पड़ा मिला है। पचमढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि हमें एक कॉल आया कि अंबा माई के पास मुख्य मार्ग से 300 मी दूर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। हम तुरंत मौके पर पहुंचे तो हमने देखा एक व्यक्ति मृत अवस्था में उल्टा पढ़ा हुआ था। हमने उसे सीधा किया तो देखा वह व्यक्ति मृत था। शिनाख्त करने पर पता चला कि 19 अगस्त को थाना पचमढ़ी में मनोज उर्फ गोलू पिता जनार्दन निवासी नागपुर की गुमशुदा होने की रिपोर्ट मृतक के भाई द्वारा दर्ज कराई गई थी। मृतक के हाथ में एक टीटू बना था जिसके आधार पर ये स्पष्ट हुआ कि मृतक मनोज ही है। हमने उसके परिजनों को सूचित दे दी है। शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल में पीएम के लिए भेज दिया है। परिजनों के आने पर मृतक का शव पांचनामा बनाकर उन्हें सौंप दिया जाएगा।

कांग्रेस ने राजीव गांधी जयंती मनाई

पिपरिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने बताया कि 20अगसत को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस का आयोजन इतवारा बजारकी गांधी शाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस दौरान हरीश बेमन फहीम अब्दुल्ला सुनीत पुरोहित कमलेश साहु चिंकू सुनील कुचबंदिया प्रशांत पालीवाल सीमा कटकवार राघवेन्द्र सिंह छोटे लाल पटेल अविनाश पुरोहित कमलेश चौधरी राधेश्याम ठाकरे हर्ष लता राजपूत पार्षद संजू मेहरा राकेश पगारे सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पाठ्यक्रम सामग्री का भी वितरण किया गया।

एसडीएम ने किया गोशाला का निरीक्षण

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले की गोशालाओं को सुदृढ़ करने और निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। एसडीएम सिवनी मालवा ने ग्राम बांदरखोह स्थित 'आचार्य विद्यासागर गोशाला' का औचक निरीक्षण किया।

वन विभाग की कार्रवाई, अवैध सागौन लकड़ी की जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



उपमंडल अधिकारी सोहागपुर (सामान्य) द्वारा जारी तलाशी वारंट क्रमांक 462 के अनुपालन में रेंजर के नेतृत्व में वन अमले द्वारा गुरुवार को ग्राम सेमरी हरचंद में एक बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें सागौन की लकड़ी जप्त की गई। साथ ही मशीन भी जप्त की गई है।

सामान्य वन रेंजर हेमंत शर्मा के अनुसार मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम के मार्गदर्शन तथा वन मंडल अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार उक्त कार्रवाई की गई है। इस दौरान वन अमले ने बालाराम मालवीय पुत्र मोहन सिंह के आवास पर दबिश दी। आरोपी को तलाशी वारंट का अवलोकन कराकर एवं सहमति प्राप्त कर घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी बालाराम मालवीय के निवास के रसोई घर से अवैध सागौन प्रजाति की चौखट, दरवाज़े एवं पटिये बरामद किए गए। जब वन विभाग की टीम ने लकड़ी से संबंधित वैध दस्तावेज़ और अनुज्ञप्ति की मांग की, तो आरोपी कोई भी वैध दस्तावेज़ या साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा।

मिला ताजा बुरादा

मौके पर बरामद लकड़ी की चौखटों और दरवाज़ों पर लकड़ी का ताज़ा बुरादा पाया गया, जिससे यह प्रतीत होता है कि उक्त सागौन सामग्री को हाल ही में अवैध रूप से काटकर/घटित कर बनाया गया था। वन अमले ने मौके पर ही बरामद वनोपज की विधिवत नाप-जोख कर ज़ब्ती की कार्रवाई संपादित की। साथ ही संपूर्ण कार्रवाई की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मौके पर मोबाइल द्वारा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई। इसके उपरांत पंचनामा तैयार कर उपस्थित गवाहों को पढ़कर सुनाया गया। पंचनामा सही पाए जाने पर पंचों एवं संबंधितों के हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान दर्ज किए गए।

वन विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कन्या शाला के सामने से नहीं हटाया जाता है कचरा

स्कूल प्रबंधन ने कई बार दी नप कार्यालय में सूचना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या शाला के सामने कचरे का ढेर लगा ही रहता है। जिसे उठाने का आग्रह करने के बाद भी ढेर हटाया नहीं जाता है, जिसे लेकर अभिभावकों में भारी नाराजगी है।

अभिभावकों ने बताया कि स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने कचरे का ढेर देखा जा सकता है। स्कूल प्रबंधन ने पूछताछ में कहा कि कई बार नगर परिषद कार्यालय में प्रतिदिन कचरा उठाने के बारे में आग्रह किया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। नप के सफाईकर्मी स्कूल के शिक्षकों से कहते हैं कि नप की नई व्यवस्था के अंतर्गत कचरा संग्रण वाहनों में नागरिकों को कचरा डालना होता है। फेंका गया कचरा नहीं उठाएंगे। नप के सफाईकर्मियों के इस अद्भुत जवाब से शिक्षक व स्कूल प्रबंधन हैरान है।

शिक्षकों का कहना है कि प्रतिदिन स्कूल के ठीक सामने कचरा का बड़ा ढेर लगा रहता है। जिससे बच्चे स्कूल की छात्राओं को एवं अभिभावकों को परेशानी होती है। हवा में कचरा उड़ कर वापस स्कूल में आता है तथा बार-बार स्कूल कर्मचारियों को सफाई करनी पड़ती है

जलने पर उड़ता है धुंआ

मामले में स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल कर्मचारियों से कचरा जलाने को भी कहा गया है। कचरा जलाते हैं तो कचरे के ढेर से कुछ फिट की दूरी पर मध्यान्ह भोजन बनाने की रसोई में कचरे का धुआं पहुंचता है। जिससे रसोईए परेशान होते हैं। तथा मध्यान्ह भोजन करती बालिकाओं को भी धुएं के कारण परेशानी होती है। स्कूल प्रबंधन ने नप अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे सफाईकर्मियों को नियमित कचरा संग्रहण के निर्देश दें।

बैठक में मतदाता सूची को लेकर दी गई जानकारी

भारत निर्वाचन आयोग की केंद्रीय टीम ने की बीएलओ के साथ बैठक

गुरुवार को बीएलओ तथा सुपरवाइजर्स की बैठक ली। इस दौरान टीम के केंद्रीय अधिकारियों ने सभी उपस्थितजनों को प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए हैं। ारत निर्वाचन आयोग की दिल्ली से आई टीम ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स के साथ बैठक कमतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने सोहागपुर में गुरुवार को बीएलओ तथा सुपरवाइजर्स की बैठक ली। इस दौरान टीम के केंद्रीय अधिकारियों ने सभी उपस्थितजनों को प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए हैं।

विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर में भारत निर्वाचन आयोग की दिल्ली से आई टीम ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स के साथ बैठक की। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग से एसओ आजाद सिंह एवं जेएसओ संदीप कुमार सहित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, तहसीलदार शक्ति श्री तोमर, जिला निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, प्रोग्रामर अमित मिश्रा, निर्वाचन शाखा अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित रहे। आयोग की टीम ने बीएलओ मोबाइल एप के विभिन्न मॉड्यूल एवं सुविधाओं के संबंध में विस्तारित जानकारी दी। एप से किए जाने वाले कार्य, मतदाता जानकारी अद्यतन, आवश्यक प्रविष्टियों तथा निर्वाचन कार्यों को ऑनलाइन एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की प्रक्रिया समझाई गई। एसओ आजाद सिंह तथा जेएसओ संदीप कुमार ने कर्मचारियों से संवाद कर अब तक संपादित कार्यों की जानकारी ली तथा बीएलओ एप में होने वाली तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

हमारा काम बढ़िया- डॉ. राठौर



रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. बबीता राठौर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी कार्य आयोग के निर्देश अनुसार प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराए जा रहे हैं। उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर्स से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं से संबंधित कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ संपादित करें। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार शक्ति श्री तोमर ने भी कहा कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी सभी कार्य उत्कृष्ट के साथ पूर्ण किए जा रहे हैं। अंत में बीएलओ विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर की ओर से बीएलओ बलराम ऊईके एवं मुकेश रघुवंशी ने दिल्ली से आई टीम के अधिकारियों को प्राचीन शिव पार्वती प्रतिमा के चित्र भेंट किए।

वाल्मीकि समाज ने नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



इटारसी। वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर नगर पालिका कार्यालय में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन देने और सामान्य भविष्य निधि की विसंगतियों को दूर करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। समाज के प्रतिनिधि और कर्मचारी नेता दिलीप मैना ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के सामने हर महीने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों को हर महीने की 1 से 5 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से वेतन का भुगतान किया जाए, ताकि वे समय पर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और उन्हें आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही जीपीएफ से जुड़ी समस्याओं के तुरंत निराकरण की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी नेता दिलीप मैना के साथ मुख्य रूप से पार्षद मनजीत कलोसिया, सभापति राकेश जाधव सहित समाज के कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी और सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

मूंग खरीदी के अंतिम दिन धांधली, बगैर तुलाई के बनी पर्ची, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकास खण्ड स्तरीय पर लगभग 8 खरीदी केंद्र अंतिम चरण में बनाए गए। जिसमें अम्रत प्रभा वेयरहाउस जिसके लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया था। इसी मूंग खरीदी के दौरान एफआईआर दर्ज कराई गई थी। लेकिन अभी वर्तमान उस वेयरहाउस को भी खरीदी केंद्र बनाया गया है।जो पूरी तरह से अनेकानेक अनमितताए होते हुए भी तैयार किया गया। वेयरहाउस लाजिस्टिक्स प्रबंधक शासकीय अधिकारी भीम सिंह डाबर ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा संबंधित मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी को निर्देश दिए गए थे। उनके द्वारा ही चयनित किया गया। लेकिन मालिक ने चाबी सौंपी है। लेकिन एक माह में खाली करके देने की भी बात अनुबंध में लिखा गया है।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम दिनांक 20 अगस्त होने के कारण अनेक बड़े बड़े किसानों की मूंग खरीदी केंद्र पर आई ही नहीं और पर्ची काट दी गई थी। इस तरह की अनेक गौरवशाली धांधली हुई है।अम्रत प्रभा वेयरहाउस में खरीदी के अंतिम दिन पर जिला सहकारी अधिकारी उपसंचालक कृषि सहकारिता विभाग वेयरहाउस के जिला अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति के बाद भी दोनों सर्वेयर नियुक्त ने किसानों से वसूली नहीं छोड़ी गई थी। सुबह से ही लगातार अधिकारी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।एक ही वेयरहाउस में खरीदी के लिए सेवा सहकारी समिति प्रबंधक सलीम खान , राजेन्द्र श्रीवास्तव तरौनकला , महेंद्र सिंह पटेल सेवा सहकारी समिति हांडियां सैलाब सहकारी समिति खापरखेड़ा धनाश्री शंखनी के उपस्थित रहे। तथा सभी के स्टाफ के लोगों की उपस्थिति अम्रत प्रभा वेयरहाउस में खरीदी के दौरान रही।

जो पर्ची बनाईं गई थी।वह किसानों को भी अलग-अलग केंद्र पर बनाया गया था। लेकिन समय रहते हुए सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस बात पर सभी प्रबंधक से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि तुलाई भी हेमलता वेयरहाउस में किसानों की हो चुकी है। जिनकी लगभग 50 पर्ची बनी थी। तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। किसानों से हम्माल मजदूर तुलावटी ने अवश्य ही अधिक पैसा लिया गया है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा व नशा मुक्ति को लेकर विद्यार्थियों से संवाद

नर्मदापुरम। गायत्री परिवार के परिजन यू.के. सिंह, ओ.पी. गौर, तुलसीराम बाबरिया एवं रामकुमार सोनी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला (एसपीएम), नर्मदापुरम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा से चर्चा की गई। इस दौरान परीक्षा संबंधी पत्रक प्राचार्य को सौंपा गया। परिजनों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से नैतिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर चर्चा करते हुए अच्छे संस्कार, सदाचार एवं अनुशासित जीवन के महत्व की जानकारी दी। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशा न करने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

ऊंचाखेड़ा के जंगल में वन विभाग की दबिश, सागौन से लदा ट्रैक्टर जब्त



बुधनी। वन परिक्षेत्र बुधनी के अंतर्गत ग्राम ऊंचाखेड़ा के जंगल में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध सागौन की लकड़ी से लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान वन अमले को देखकर लकड़ी तस्कर मौके से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार ऊंचाखेड़ा के जंगल में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी को ट्रैक्टर के माध्यम से जंगल से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी टीम को आता देख तस्कर ट्रैक्टर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वन अमले ने मौके से ट्रैक्टर सहित 11 नग सागौन की लकड़ी बरामद की जब्त ट्रैक्टर को वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया है, जबकि बरामद सागौन की लकड़ी को लकड़ी डिपो में सुरक्षित रखवाया गया है। वन विभाग के अनुसार बरामद सागौन की लकड़ी की मात्रा करीब 0.483 घन मीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18 हजार रुपए बताई गई है। वहीं जब्त ट्रैक्टर की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है साथ ही फरार आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है।

सिंधी समाज द्वारा किया गया आयोजन

श्री झूलेलाल चलीसा महोत्सव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर सिंधी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में आयोजित भगवान श्री झूलेलाल जी के चालीस दिन के उपवास एवं पूजा अर्चना 15 जुलाई से प्रारम्भ हुए। इस महोत्सव का समापन 23 अगस्त को होगा।

सोहागपुर सिंधी समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार महोत्सव दौरान सुबह शाम की आरती में पलव एवं अखो साहिब में सामाजिक नागरिक नियमित उपस्थित हो रहे हैं। महोत्सव दौरान प्रति शुक्रवार महाआरती आयोजन करते हुए भगवान झूलेलाल जी की जीवनी से जुड़े प्रश्न, जानकारी, अभिव्यक्ति एवं धार्मिक भाव के नृत्यों पर समिति द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। अब महोत्सव के आखिरी तीन दिनों में समिति ने विभिन्न आयोजन रखे हैं। भगवान झूलेलाल जी के सामने आयोजित मटकी नृत्य की शुरुआत पूर्व पार्षद भाग्य श्री मनोज गोलानी से कराई गई। पूज्य सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा एवं आयोजन समिति के सदस्य प्रकाश जेठानी, अर्जुन इशरानी, पंकज गोलानी, सतीश छाबड़िया, दिलीप चन्दानी, महेश जेठवानी, संजय आसवानी ने बताया कि शुक्रवार तक अन्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। शनिवार को सामाजिक भंडारा किया जाएगा एवं रविवार को 40 दिनों से प्रज्जवलित अखंड ज्योति को शोभायात्रा के माध्यम से मां नर्मदा तट पर विसर्जित किया जाएगा

तुलसी विद्या मंदिर में मनाई तुलसी जयंती, हुआ मानस पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मालाखेड़ी स्थित तुलसी विद्यामंदिर में तुलसी जयंती का आयोजन सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं.गिरिजा शंकर शर्मा ने महाकवि तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन की सुदीर्घ परंपरा के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। माखन नगर से आमंत्रित कवयित्री कीर्ति वर्मा ने गीत प्रस्तुत किए। स्थानीय कवि बाबूलाल कदम, रेखा कापसे कुमुद, मनोज परसाई ,महेंद्र तिवारी,नवीन हरियाले एवं संचालन कर रहे सुभाष यादव भारती ने अपनी बहुप्रशंसित कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रसन्न हर्णे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पं. गिरीमोहन गुरु कृत तुलसीदास चालीसा का लोकार्पण भी किया गया।

कांग्रेस सह प्रभारी उषा नायडू ने ली संगठन की बैठक, कार्यकर्ताओं को दी अहम जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी उषा नायडू ने ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस के बूथ लेवल, एवं बी एल ए, मंडलम, सेक्टर, के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उन्होंने कहा जिस पदाधिकारी को जो भी जवाबदारी मिली है उसकी जिम्मेदारी से निर्वहन करें अपने गांव अपने बूथ में कांग्रेस संगठन को मजबूत करें

पूर्व प्रधानमंत्री की राजीव गांधी की जयंती अतिथि एवं सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने राजीव जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी जयंती मनाई और उनके व्यक्तित्व और प्रशासनिक कुशलता के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजकुमार पटेल ने कहा भाज्य भा ज पा सीट एवं वोट चोरी कर रही है इससे सतर्क रहना है आने वाले समय में निश्चित मानिए कांग्रेस की सरकार आ रही है आप सभी अपनी-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं को उठाएं बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे सोहागपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे पुष्पराज पटेल यशवंत राजपूत मधुसूदन यादव जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह ने भी संबोधित किया बैठक में पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र मुराड़िया ब्लॉक अध्यक्ष मोनू यादव नगर अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर सहित ब्लॉक नगर मंडलम सेक्टर के कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

खबर संक्षेप

आज करताना में लगेगा शिविर

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम करताना में आज शुक्रवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें करताना, भंवरास, गोंदागांवकला, गुल्लास, रूंदलाय, सन्यासा, लछौरा, छीपानेर, नयागांव, तजपुरा, कुहीग्वाड़ी, गोंदागांवखुर्द व गाड़ामोड़कला के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

न्यायालयों में 26 को रहेगा अवकाश

हरदा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सभी अदालतों के अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब बुधवार, 26 अगस्त को ईद-मिलाद-उन-नबी का अवकाश घोषित किया गया है। इस अवकाश के बदले पूर्व में घोषित अवकाश सोमवार, 24 अगस्त को सामान्य कार्यदिवस रहेगा, यानी इस दिन सभी अदालतें खुली रहेंगी और नियमित कामकाज होगा। उच्च न्यायालय के इस आदेश के परिपालन में कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हरदा अरविन्द रघुवंशी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 10 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध आकस्मिक निरीक्षण एवं शिकायत को ध्यान में रखते हुए चेकिंग अभियान चलाया। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने खिरकिया वृत्त के पटेल ढाबा, वर्मा ढाबा, शुभम ढाबा, जायसवाल ढाबा व सोलंकी ढाबा, हरदा वृत्त के अबगांवखुर्द सहित टिमरनी वृत्त के राजपूत ढाबा, कामल्या ढाबा, दरबार ढाबा करताना, छिपानेर, छिंदगांवमेल, पिपलयाकलां में दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपियों से 62 पाव देशी मदिरा प्लेन, 4 पाव देशी मदिरा मसाला, 01 बोतल किंगफिशर बीयर, 01 पाव मेकडावल व्हिस्की एवं 310 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 36561/- रूपये है।

छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल सीहोर।

शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन और आवास सहायता के लिए 15 अगस्त से 30 अगस्त तक एमपी टॉस्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खोला गया है।

कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ, आज अबगाँव पहुंचेगी

यात्रा गुरु रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा खेड़ीपुरा स्थित गुरु रविदास मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई। पवित्र जल से भरे कलश के साथ निकली यह यात्रा जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों का भ्रमण करेगी। यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। यह यात्रा ह्यश्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्राह्न का हिस्सा है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार यह अभियान 20 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा। कलश वंदन यात्रा 21 दिनों में हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने कहा कि संत रविदास का संदेश समाज में व्याप्त विषमता को समाप्त कर समरसता और भ्रातृभाव स्थापित करने का है।

उन्होंने कहा कि उनके विचारों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, जिससे प्रेरणा लेकर समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने 650वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल, कमलेश सेजकर, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग प्रमोद माथुर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कलश वंदन यात्रा का गुरूवार को हरदा के खेड़ीपुरा स्थित श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर से शुभारम्भ किया गया। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग प्रमोद माथुर से प्राप्त जानकारी अनुसार यह 10 सितंबर तक हरदा जिले के निर्धारित मार्ग पर निकलेगी। उन्होने बताया कि 21 अगस्त को यह यात्रा जिले के ग्राम अबगांवकलां से भादुगांव, खेडा, रातातलाई, हेमापुर होते हुए ग्राम उँवां में विश्राम करेगी। यात्रा 22 अगस्त को ग्राम उँवा से खरदना, पचौला. उँटपडाव, अजनास होते हुए बैडी में विश्राम करेगी।

कानूनी रूप से जानकार बन सशक्त बनें युवा

सशक्त युवा, सशक्त भारत अभियान विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरूवार को प्रगति विद्यापीठ स्कूल हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर ने शिविर में उपस्थित विद्यालय के छात्र/छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, बच्चों से संबंधित विभिन्न कानून जैसे किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बालक एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986, पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा (जागृति) योजना 2025, आदि के बारे में प्रावधानों की जानकारियां प्रदान की गइ। साथ ही छात्र/छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने तथा नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, मौलिक अधिकार व कर्तव्य, नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना 2024, दहेज प्रतिषेध कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया की कोई भी पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर, पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर, 15100 पर कॉल कर, विधिक सहायता/सलाह आसानी से प्राप्त कर सकता है। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र/छात्राएं तथा पैरालीगल वालेंटियर शैफाली घावरी एवं ज्योति राजपूत उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को बताया वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरुवार को प्रगति विद्या पीठ हायर सेकंडरी स्कूल हरदा में वन स्टॉप सेंटर एवं मिशन वात्सल्य योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर रीना बराह द्वारा छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्र में दी जाने वाली सहायता, निशुल्क विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा व पुलिस सहायता, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सहायता 112, साइबर अपराध से सुरक्षा नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। इस दौरान मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण कानून, बच्चों के अधिकारों की रक्षा, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को संरक्षण, गोद लेना, स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, संघर्षरत बच्चों का मानसिक-सामाजिक सहयोग आदि की जानकारी देते हुये बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य रितेश पटवा, शिक्षकगण व छात्र छात्राएँ और वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ एवं पैरालीगल वालेंटियर शेफाली घावरी कार्यक्रम में उपस्थित रही।

बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन, विद्यार्थियों को जागरुक किया

अक्षय ऊर्जा ही भविष्य का बेहतर विकल्पः अमन यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

शासकीय महाविद्यालय झिरन्या में भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा नियोजित इस आयोजन में विद्यार्थियों को अक्षय ऊर्जा के महत्व, ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अमन यादव ने कहा कि आज मानव जीवन की अधिकांश गतिविधियां ऊर्जा पर निर्भर हैं, लेकिन ऊर्जा के परंपरागत स्रोत कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के भंडार सीमित हैं और भविष्य में इनके समाप्त होने की संभावना है।

ऐसे में हमें ऊर्जा के ऐसे विकल्पों की ओर बढ़ना होगा, जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए हमारी आने वाली पीढ़ियों की जरूरतें पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि सूर्य, जल और पवन प्रकृति के ऐसे अमूल्य स्रोत हैं, जो बार-बार उपलब्ध होते हैं। इनसे उत्पन्न ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग कर हम पारंपरिक ईंधनों पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं।

कार्यक्रम में डॉ. सुबोध व्यास ने कहा कि अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोत सीमित होने के साथ-साथ इनके अत्यधिक उपयोग से प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ता है। प्रदूषण का सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके विपरीत सौर, पवन और जल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत प्रकृति के अनुकूल हैं और ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने का बेहतर विकल्प प्रदान करते हैं। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करते हैं और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं तो विकास और पर्यावरण के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रो. रिंकू भार्वे, बसन कन्नौजे, श्रीराम कन्नौजे, आदिल शेख, झिनला कन्नौजे, विक्रम खरते सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण मालवीया ने किया एवं आभार डॉ. अंजू चौहान ने माना।

अधीक्षक ने किया मैनगांव पुलिस थाने का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

पुलिस की कार्यप्रणाली में और अधिक कसावट लाने, कार्यप्रणाली में पाई जाने वाली कमियों को दूर करने तथा पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर पुलिस इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा द्वारा थाना मैंनगाँव का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने थाना की कार्यप्रणाली, अनुशासन, स्वच्छता एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसडीओपी खरगोन सौरभ तोमर एवं थाना प्रभारी मैनगांव निरीक्षक मंसाराम रोमड़े से थाना क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों, आपराधिक तत्वों, फरार एवं लंबित आरोपियों तथा क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की । इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर स्थित हवालात, बलवा ड्रिल सामग्री, शस्त्रागार, रोजनामचा, सीसीटीएनएस एवं रिकॉर्ड शाखा का निरीक्षण किया । इस दौरान अभिलेखों के संधारण, आवश्यक प्रविष्टियों के अद्यतन एवं रिकॉर्ड की स्थिति का अवलोकन किया गया । उन्होंने थाने पर ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी कार्यप्रणाली एवं समस्याओं की जानकारी भी ली । पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करने के निर्देश दिए ।

ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य और हरि-हर कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पशुपतिनाथ मंदिर में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर समिति के अध्यक्ष बी. पी. तिवारी ने बताया कि शशिभूषण जोशी द्वारा आयोजित इस दिव्य अनुष्ठान में प्रतिदिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। छठे दिन व्यासपीठ से श्याम सुंदर जोशी ने शिवपुराण में वर्णित परम पवित्र ज्योतिर्लिंगों और हरि-हर के सुंदर प्रसंगों की अमृत वर्षा की।

कथा के छठे दिन उन्होंने हरि-हर (भगवान विष्णु और शिव) के एकाकार की दिव्य कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि जब असुरों के अत्याचार से परेशान होकर भगवान विष्णु ने महादेव की घोर तपस्या की और उन्हें कमल के फूल अर्पित किए,

पशुपतिनाथ मंदिर में शिव महापुराण का छठा दिन



तब एक फूल कम होने पर विष्णु जी ने अपना एक नेत्र (आंख) महादेव के चरणों में चढ़ा दिया था। विष्णु जी की इस परम भक्ति से प्रसन्न होकर महादेव ने उन्हें महाविनाशक सुदर्शन चक्र प्रदान किया। इसके पश्चात श्री जोशी ने त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे गौतम ऋषि पर लगे गौ-हत्या के झूठे कलंक को धोने के लिए माता अहिल्या और गौतम ऋषि ने ब्रह्मगिरि पर्वत पर कठिन तपस्या की। उनकी पुकार पर महादेव प्रकट हुए और वहां गंगा जी (गोदावरी) को प्रकट कर स्वयं ज्योतिर्लिंग रूप में विराजमान हुए। कथा के छठे दिन सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और प्रबुद्ध जन भी कथा श्रवण करने पहुंचे। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील तिवारी, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, मिडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर, कोषाध्यक्ष गजानंद डाले, युवा कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई, महिला कार्यकारिणी से सचिव अदिति गुरु एवं पूजा तिवारी मौजूद रहीं।



शिविरों में प्रक्रिया बताई गई

महिला उद्यमियों को उद्यम पंजीयन के लिए किया गया जागरुक



हरदा। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमियों द्वारा संचालित उद्योगों के उद्यम पंजीयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनआरएलएम तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चारूवा, हंडिया एवं रहटगांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में महिला उद्यमियों को उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया, इसके लाभ एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मौके पर ही महिला उद्यमियों के उद्यमों का पंजीयन कार्य कराया गया। इस दौरान उद्यम सखियों को भी उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे स्व-सहायता समूहों से जुड़ी अन्य महिला उद्यमियों को पंजीयन कराने में सहयोग कर सकें। विभागों के इस संयुक्त प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप से पंजीकृत कराने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

शिवडोला काउंट डाउन शुरू- 10 दिन शेष

पोस्टर जारी कर आया सिद्धनाथ का डोला प्यारा गीत का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी का भव्य 58वां शिवडोला 30 अगस्त भादो वदी दूज को निकलेगा। शिवडोले के व्यापक प्रचार-प्रसार के निमित्त कंठाल्या प्रोडक्शन द्वारा भगवा रंग फेम शहनाज अख्तर के स्वर में निर्मित आया सिद्धनाथ का डोला प्यारा गीत का विमोचन सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी ने पोस्टर जारी कर किया। सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति के सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि 30 अगस्त को भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। इस भव्य आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए युवा गीतकार अभय



कंठाल्या द्वारा रचित आया सिद्धनाथ का डोला प्यारा गीत को भगवा रंग फेम शहनाज अख्तर ने स्वर दिया है। प्रतीक श्रीवास्तव का संगीत और किड्डोग्रापी स्टूडियो के गौरव दीप जोशी ने फोटोग्राफी एवं कोरस शिवम कुशवाहा, रमन गराशे कुणाल गराशे का है। इस गीत का ध्वनि मुद्रण शुभवाणी के इंजी. अंकुर जोशी ने की। गीत विमोचन के दौरान शिवडोला समिति संरक्षक मनोहर भावसार, कोषाध्यक्ष श्याम महाजन, सचिव रवि धारे, सहसचिव नाना यादव व चेतन भावसार, प्रवक्ता प्रकाश भावसार, सदस्य दीप जोशी, शैलेंद्र भावसार, अशीष महाजन, दिनेश पटेल व आनंद मराठा उपस्थित रहे।

भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव बने अर्द्धनारेश्वर

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव की आराधना के साथ ही पूजन-अर्चन का दौर जारी है। वहीं रात्रि में शिवालयों में आकर्षक श्रृंगार कर विशेष आरती की जा रही है। इसी कड़ी में भावसार मोहल्ला स्थित अतिप्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी श्रावण मास का पर्व बड़ी धुमधाम से मनाया जा रहा है। सिद्धनाथ जी श्रृंगार मित्र मंडल के हरीश गोस्वामी, गायत्री गोस्वामी, दुर्गा भावसार, सुनिता राठौर, राज राठौर, खुशी गोस्वामी व नंदिनी भावसार द्वारा प्रतिदिन भगवान श्री सिद्धनाथ जी का श्रृंगार कर रही है। वहीं मंगलवार रात्रि में भी भगवान श्री सिद्धनाथ जी का आकर्षक श्रृंगार कर अर्द्धनारेश्वर का स्वरूप दिया गया।

अजा वर्ग की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग प्रतिबद्धः डॉ. जाटव



खरगोन। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को खरगोन जिले के प्रवास के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रावासों एवं आश्रमों का भ्रमण किया। उन्होंने यहां रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शिक्षा, सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बच्चों से चर्चा की। डॉ. जाटव ने प्रातः 11 बजे जिला पंचायत खरगोन में बैठक में सहभागिता की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग की भूमिका एवं शक्तियों के साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय खरगोन में अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक बुद्धिजीवी, विशिष्टजन तथा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. जाटव ने उपस्थितजनों से संवाद करते हुए अजा वर्ग से संबंधित विषयों, समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रमों के दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ. जाटव ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के निराकरण एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।